09 सितम्बर, 2011 वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून में हिमालय को संरक्षण देने एवम् देष स्तर पर हिमालय की महत्वपूर्णता को जन जागरण हेतु हिमालय दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर निदेषक, वन अनुसंधान संस्थान, डॉ0 वी0आर0आर0 सिंह ने हिमालय की महत्वपूर्णता, इनसे निकल रही नदियों तथा अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार में बताया।

मुख्य वन संरक्षक (वन्य जीव) डॉ0 राकेष षाह ने हिमालय की जैविक विविधता एवम् इनके बचाव की महत्वपूर्णता पर अपने विचार प्रकट किये। वन अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक डॉ0 सुभाष नौटियाल, ने हिमालय से मिलने वाली प्राकृतिक संसाधनों एवम् उपयोगिता व डॉ0 श्रीमती लक्ष्मी रावत ने जलवायु परिवर्तन एवम् उसके परिणाम से बचने के उपाय से सम्बन्धित विस्तृत जानकारियों से अवगत कराया।

हेस्का (HESCO) (हिमालयन पर्यावरण अध्ययन एवम् संरक्षण संगठन) से आये श्री राकेष कुमार ने हिमालय दिवस की उपयोगिता से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन विस्तार प्रभाग की प्रमुख जयश्री आरडे चौहान ने किया । श्री गुलाब सिंह, उप वन संरक्षक ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का समापन वैज्ञानिक श्री रामबीर सिंह के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सफल पूर्वक हुआ।

Celebration Of Himalayan Day
On 9-9-2011 at
Research
Uttarakhand